पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: ce@shekhauni.ac.in

क्रमांकः 13388

दिनांक : 06/06/2026

परीक्षा आवेदन पत्र संबंधी महत्वपूर्ण सूचना

इस विश्वविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले सभी परीक्षार्थियों को उनके हित में सूचित किया जाता है कि आगामी विश्वविद्यालय परीक्षा हेतु अपना आवेदन पत्र भरते समय निम्नलिखित निर्देशों को अत्यंत गंभीरता से पढ़ें और उनकी पालना करें:–

1. प्रविष्टियों की सत्यताः– परीक्षा आवेदन पत्र में पूछी गई समस्त प्रविष्टियाँ (यथा–आपका नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि आदि) अपनी सेकेंडरी (10वीं) या समकक्ष अंकतालिका के आधार पर शत–प्रतिशत शुद्ध एवं सत्य भरें। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या शॉर्टकट न अपनाएं।
2. भाषा एवं वर्तनी का मिलान (Hindi & English Matching):– आवेदन पत्र में हिंदी और अंग्रेजी (English) दोनों संस्करणों में भरी गई जानकारियों का अच्छी तरह मिलान कर लें। दोनों भाषाओं में नाम की स्पेलिंग (Spelling) बिल्कुल एक समान होनी चाहिए।
3. लापरवाही का परिणामः– यह विशेष रूप से ध्यान रखें कि आपके द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र में जो भी प्रविष्टियाँ (Data) भरी जा रही हैं, वही विवरण आपकी अंकतालिका (Marksheet), उपाधि (Degree) एवं अन्य समस्त प्रमाण पत्रों में अंकित होकर आएगा। बाद में इसमें सुधार करवाना अत्यंत जटिल होगा।
4. संशोधन की स्थिति में नुकसानः– यदि आपके द्वारा गलत प्रविष्टि भरने के कारण दस्तावेज त्रुटिपूर्ण प्रिंट हो जाता है, तो विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार संशोधन के पश्चात आपको केवल 'डुप्लीकेट' (Duplicate) दस्तावेज नियमानुसार शुल्क के साथ ही जारी किया जा सकेगा (मूल/ओरिजिनल नहीं)। साथ ही, आपको मय साक्ष्य यह शपथ–पत्र देना होगा कि वह त्रुटिपूर्ण मूल दस्तावेज आपने अन्य कहीं भी उपयोग में नहीं लिया है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने परीक्षा आवेदन पत्र को पूर्ण सूझबूझ, एकाग्रता और गंभीरता के साथ भरें। फाइनल सबमिट करने से पहले 'प्रीव्यू' (Preview) देखकर हर एक स्पेलिंग को दो बार जाँच कर अपने आप को सुनिश्चित कर लेंवे।

परीक्षा नियंत्रक

दिनांक– 06/06/2026

क्रमांकः 13389-392

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1.निजी सचिव, कुलगुरू, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
2.कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
3.उपकुलसचिव, पं. दी. उ. शे. विवि., सीकर।
4.प्रभारी वेबसाईट, विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5.संबंधित फर्म।
6.रक्षित पत्रावली/गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक